भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3427
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन पार्क की स्थापना

3427. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा बिहार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिहार के ऐतिहासिक पर्यटन शहर नालंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटक पार्क स्थापित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों एवं महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से बिहार के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का भी प्रचार करता है।

यह मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता नामक अपनी योजनाओं के तहत पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए बिहार सहित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों और स्थानीय निकायों की साझेदारी से पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार करने के मिशन के साथ अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है। इस योजना के तहत बिहार में गया और नालंदा को विकास के लिए चुना गया है।

बिहार राज्य में डीपीपीएच, स्वदेश दर्शन, प्रशाद, पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन पार्क की स्थापना के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 3427 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

योजना	वर्ष	परियोजना	स्वीकृत राशि
स्वदेश दर्शन	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास	44.27
	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55
	मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	15.07
प्रशाद	2015-16	पटना साहिब में विकास	41.54
	2014-15	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच)	2019-20	सोनपुर मेला	25.00
		राजगीर महोत्सव	25.00
पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता	2024	बक्सर, बिहार में एक्वा स्क्रीन प्रोजेक्शन और साउंड शो के साथ 3डी मैपिंग और राम रेखा घाट, बिहार में डायनामिक लाइटिंग और मोटिफ	5.99

*****